भा.कृ.सां.अ.सं. समाचार

खंड 18 संख्या 3 अक्टूबर-दिसम्बर, 2013

- अनुसंधानिक गतिविधियाँ
- मानव संसाधन विकास
- पुरस्कार एवं सम्मान
- गतिविधियों के परिदृश्य
- प्रकाशन
- प्रस्तुत व्याख्यान
- सहभागिता
- परामर्शी सेवाएँ
- कार्मिक

निदेशक की कलम से . . .

समाचार पत्र के इस अंक में प्रतिवेदनाधीन अवधि के दौरान प्रमुख अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संबंधी उपलब्धियों और संस्थान की अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया है।

कृषि विज्ञान में बहुउपादानी परीक्षणों के लिए अभिकल्पनाएँ काफी लोकप्रिय हैं क्योंकि यह दृढ़ कथन है कि कृषि एक जटिल क्रियाकलाप है, अत: अनेक कारक कृषि प्रणाली को प्रभावित करते हैं। सामान्य रूप से परीक्षणकर्ता का उद्देश्य सभी मुख्य प्रभावों तथा निम्न घात के अन्योन्यक्रिया प्रभावों का लाम्बिक रूप से आकलन करना होता है। तथापि प्रवृत्ति की उपस्थिति में सभी मुख्य प्रभावों तथा कुछ निम्न घात की अन्योन्यक्रियाओं का लाम्बिक रूप से आकलन करना कठिन हो सकता है। बहुस्तरीय बहुउपादानी परीक्षणों की संरचना के लिए एक सामान्य पद्धति विकसित की गई है, जो मुख्य प्रभावों तथा कुछ निम्न घात के अन्योन्यक्रिया प्रभावों के लिए रैखिक प्रवृत्ति-मुक्त है।

नस्ल की पहचान करने हेतु ब्रीड डिस्क्रिप्टर विकसित किया गया है जो केवल "परिशुद्ध नस्ल" अथवा समान नस्ल के पशुओं, अपरिभाषित या सम्मिश्रित समष्टि को छोड़कर, की ही पहचान करता है। इसके अतिरिक्त, वीर्य, अण्डाशय, भ्रूण तथा नस्ल उत्पाद के संबंध में, स्पष्ट फिनोटाइपिक डिस्क्रिप्टर्स के अभाव में नस्ल की पहचान नहीं की जा सकती है। माइक्रोसेटेलाइट एवं एसएनपी जैसे माइक्रोसेटेलाइट मार्करों के आगमन से नस्ल की पहचान करने में क्रांतिकारी बदलाव आया है जिससे छोटे-से-छोटे टिशु या जननद्रव्य की पहचान की जा सकती है। माइक्रोसेटेलाइट डीएनए मार्कर आधारित नस्ल समनुदेशन विभिन्न घरेलू पशुओं में पाए गए हैं। इन पद्धतियों की कुछ सीमाएँ भी हैं, जैसे सार्वजनिक क्षेत्र में ऐलील डाटा की अनुपलब्धता। अत: प्रत्येक समय पर सभी संदर्भित नस्लों का जीनप्ररुपण किया जाना होता है, जो न तो व्यवहार्य है और ना ही आर्थिक दृष्टि से सही है। यदि उक्त डाटा उपलब्ध होता भी है तो डाटा विश्लेषण एवं निर्वचन में संगणनात्मक पद्धतियों के लिए विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है। माइक्रोसेटेलाइट डीएनए मार्करों का प्रयोग करते हुए पहला बकरी का ब्रीड आइडेन्टीफिकेशन सर्वर विकसित किया गया है जो http://cabin.iasri.res.in/gomi/ पर उपलब्ध है।

समेकित वृद्धि दर के आकलन हेतु एक प्रयोक्ता फ्रैण्डली सॉफ्टवेयर (वेबईसीजीआर) विकसित किया गया है, जिसे http://iasri.res.in/cgr पर अपलोड किया गया है।

बिहार के वैशाली जिले में प्रस्तावित पॉप्लर ट्री आधारित कृषिवानिकी के प्रभाव को निर्धारित किया गया। इसके लिए, जिले में उपलब्ध कुल पॉप्लर वृक्षों का आकलन किया गया, उसके बाद जिले के पॉप्लर वृक्षों एवं गैर-पॉप्लर वृक्षों की खेती करने वाले किसानों की प्रति परिवार औसत आय का आकलन किया गया। प्रतिशत मानक त्रुटि क्रमश: 0.18 एवं 0.15 के साथ आकलित पॉप्लर वृक्षों की संख्या तथा कृषिवानिकी वृक्षों की कुल संख्या क्रमश: 18,43,848 और 25,39,007 थी। अंगीकृत गैर-पॉप्लर किसानों एवं गैर-अंगीकृत गाँवों की तुलना में अंगीकृत गाँवों के पॉप्लर किसानों की प्रतिवर्ष प्रति परिवार औसत आय काफी अधिक थी। यह निष्कर्ष निकाला गया कि वैशाली जिले के किसानों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति पर कृषिवानिकी का गहरा प्रभाव पड़ा था। इसलिए, यह अनुशंसा की गई की देश के किसानों के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए देष्ठा के सभी राज्यों में, विष्ठोज़ रूप से बिहार के सभी जिलों में पॉप्लर आधारित कृषिवानिकी मॉडल क्रियान्वित किया जाना चाहिए।

दिनांक 27-28 नवम्बर 2013 को एनडीआरआई, करनाल, हरियाणा में राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान (एनडीआरआई) के साथ संयुक्त रूप से कृषि अनुसंधान सांख्यिकीविदों के 17वें राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया।

सीएएफटी के अंतर्गत पशु परीक्षणकर्ताओं के लिए सांख्यिकीय पद्धतियों में उन्नतियों एवं कृषि में परीक्षणात्मक अभिकल्पनाओं के लिए प्रौद्योगिकियों के विकास में उन्नतियों पर एक-एक तथा भाकृअनुप के शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित कृषि सूचना प्रबंधन के लिए वेब अनुप्रयोग के विकास पर शीतकालीन स्कूल सहित तीन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अतिरिक्त, एनएबीजी परियोजना की स्थापना के अंतर्गत सीएलसी बायो सॉफ्टवेयर का एक उन्नत प्रयोक्ता प्रशिक्षण तथा एसएससी-एनएआरएस के अंतर्गत एसएएस का प्रयोग करते हुए आँकड़ों के विश्लेषण पर एक प्रशिक्षण का भी आयोजन किया गया।

संस्थान के वैज्ञानिकों ने अनेक पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त किए। वैज्ञानिकों ने विभिन्न समनुदेशनों पर अनेक देशों की यात्रा की।

प्रतिवेदनाधीन अवधि के दौरान एक नई परियोजना आरंभ की गई। संस्थान के वैज्ञानिकों ने 25 अनुसंधानिक शोध-पत्र, 01 परियोजना रिपोर्ट, 02 लोकप्रिय लेख, 01 पुस्तक अध्याय, 02 तकनीकी बुलेटिन तथा 01 संदर्भ मैनुअल प्रकाशित किए। इसके अतिरिक्त, विभिन्न सम्मेलनों/संगोष्ठियों/कार्यशालाओं इत्यादि में 63 अनुसंधानिक शोध पत्रों की प्रस्तुति भी की गई।

आशा है कि इस अंक की विज्ञय-वस्तु राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रणाली (नार्स) के वैज्ञानिकों के लिए सूचनाप्रद एवं उपयोगी होगी। समाचार-पत्र की विषय-वस्तु में सुधार लाने हेतु आपके सुझावों का स्वागत है।

(उमेश चन्दर सूद)

भा.कृ.सां.अ.सं. समाचार

खंड 18 संख्या 3 अक्टूबर-दिसम्बर, 2013

अनुसंधानिक उपलब्धियाँ

ट्रैंड फ्री (उपनति मुक्त) बहुस्तरीय बहुउपादानी परीक्षण : अनेक अभिकल्पित परीक्षणों में परीक्षणात्मक इकाइयाँ समय या स्थान के साथ-साथ एक सहज उपनति (ट्रैंड) दर्शाती हैं। यह उपनति हरितगृह परीक्षणों में घटित हो सकती है जहाँ ताप का स्रोत हाउस के दोनों दिशाओं में स्थित रहता है और परीक्षणात्मक इकाइयाँ (गमले) लाइनों में रखी जाती हैं; मुर्गी-पालन परीक्षणों में घटित हो सकती है जहाँ ताप का स्रोत शैड के मुख्य भाग में होता है और नवजात चूज़ों को केज़ में रखा जाता है; बगीचों और अंगूर के बागों में स्थलाकृति (टॉपोग्राफी) को तरंगित करने में घटित हो सकती है जहाँ अनुक्रिया चर क्षेत्र में एक दिशा से धीमे-धीमे प्रवेश करने वाले प्रवासी कीटों से प्रभावित होती है तथा प्रयोगशाला परीक्षणों में घटित हो सकती है जहाँ परीक्षणात्मक इकाइयों से संबंधित अनुक्रिया उपकरण के विफल होने या विश्लेषक की सुस्ती इत्यादि के कारण समय के साथ-साथ प्रभावित होती रहती है। परीक्षणात्मक इकाइयों में उपनति की उपस्थिति आँकड़ों के विश्लेषण को प्रभावित करती है। आँकड़ों के विश्लेषण की एक पद्धति ऐसी है जिसमें उपनति चर को सह-चर के रूप में प्रयोग किया जाता है तथा सहप्रसरण का विश्लेषण किया जाता है। तथापि, उपनति युक्त अभिकल्पनाओं का होना आवश्यक है क्योंकि इन अभिकल्पनाओं में उपनति प्रभाव परीक्षण प्रभावों के लिए लाम्बिक रहते हैं। दूसरे शब्दों में, उपनति की उपस्थिति में सभी अन्य प्रभावों के लिए समायोजित ट्रीटमेंट के वर्गों का योग उसी प्रकार है जैसा उपनति चर की अनुपस्थिति में सभी अन्य प्रभावों के लिए समायोजित ट्रीटमेंट के वर्गों का योग है। कृषि विज्ञान में बहुउपादानी परीक्षणों के लिए अभिकल्पनाएँ काफी लोकप्रिय हैं क्योंकि कृषि एक जटिल क्रियाकलाप है, इसलिए कृषि प्रणाली को अनेक कारक प्रभावित करते हैं। सामान्य रूप से परीक्षणकर्ता का उद्देश्य सभी मुख्य प्रभावों तथा निम्न घात के अन्योन्यक्रिया प्रभावों का लाम्बिक रूप से आकलन करना होता है। तथापि उपनति की उपस्थिति में सभी मुख्य प्रभावों तथा कुछ निम्न घात की अन्योन्यक्रियाओं का लाम्बिक रूप से आकलन करना कठिन हो सकता है। बहुस्तरीय बहुउपादानी परीक्षणों की संरचना के लिए एक सामान्य पद्धति विकसित की गई है, जो मुख्य प्रभावों तथा कुछ निम्न घात के अन्योन्यक्रिया प्रभावों के लिए रैखिक उपनति-मुक्त है। इस पद्धति का प्रयोग करते हुए पूर्ण बहुउपादानी परीक्षणों के लिए 3^n एवं 5^n अभिकल्पनाओं की एक श्रृंखला विकसित की गई है जो सभी मुख्य प्रभावों के लिए रैखिक उपनति-मुक्त हैं। इसके अतिरिक्त, 3^{5-2}, 3^{6-3}, 3^{7-4}, 3^{8-5} इत्यादि के लिए 27 रन्स् (प्रयोगों) में तथा 5^{5-2}, 5^{6-3}, 5^{7-4}, 5^{8-5} इत्यादि के लिए 125 रन्स् में बहुस्तरीय गुणांक बहुउपादानी प्लानों की एक श्रृंखला विकसित की गई है, जिसमें सभी मुख्य प्रभाव रैखिक उपनति-मुक्त हैं। यहाँ S^{k-p} गुणांक बहुउपादानी परीक्षण का अर्थ है S^{K-P} रन्स् में S^k पूर्ण बहुउपादानी परीक्षण का वाँ गुणांक है।

जीवाणु आँकड़ों का प्रयोग करते हुए बकरी की नस्ल की पहचान करने हेतु वेबसर्वर : संरक्षण प्रयोजन के लिए सही नस्ल के पशु की पहचान करना आवश्यक है। नियंत्रित स्थिति के अंतर्गत वाणिज्यिक संकर प्रजनन के मामलों को छोड़कर, अक्षुण्णता के लिए नस्ल अवमिश्रण एक मुख्य समस्या है। नस्ल की पहचान करने हेतु एक ब्रीड डिस्क्रिप्टर विकसित किया गया, लेकिन इस प्रकार के डिस्क्रिप्टर केवल "परिशुद्ध नस्ल" अथवा समान नस्ल के पशुओं, अनिश्चित या अवमिश्रित समष्टि को छोड़कर, की ही पहचान करते हैं। इसके अतिरिक्त, वीर्य, अण्डाशय, भ्रूण तथा बीज उत्पाद के संबंध में, स्पष्ट नस्ल लक्षणप्ररूपी निरूपकों के अभाव में नस्ल की पहचान नहीं की जा सकती है। माइक्रोसेटेलाइट एवं एसएनपी जैसे माइक्रोसेटेलाइट मार्करों के आगमन से नस्ल की पहचान करने में क्रांतिकारी बदलाव आया है जिससे छोटे-से-छोटे टिशु या जननद्रव्य की पहचान की जा सकती है। माइक्रोसेटेलाइट डीएनए मार्कर आधारित नस्ल समनुदेशन विभिन्न घरेलू पशुओं में पाए गए हैं। इन पद्धतियों की कुछ सीमाएँ भी हैं, जैसे सार्वजनिक क्षेत्र में ऐलील डाटा की अनुपलब्धता। अत: प्रत्येक समय पर सभी संदर्भित नस्ल का जीनप्ररुपण किया जाना होता है, जो न तो व्यवहार्य है और न ही आर्थिक दृष्टि से सही है। यदि उक्त डाटा फिर भी उपलब्ध होता है तो डाटा विश्लेषण एवं निर्वचन में संगणनात्मक पद्धतियों के लिए विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है। माइक्रोसेटेलाइट डीएनए मार्करों का प्रयोग करते हुए पहला गॉट ब्रीड आइडेन्टीफिकेशन सर्वर विकसित किया गया है जो http://cabin.iasri.res.in/gomi/ पर उपलब्ध है।

अध्ययन में लिए गए आँकड़े जिनोमिक डीएनए थे, जिन्हें रक्त प्रतिचयनों से वियोजित किया गया। इसके लिए विविध उपयोगिता तथा शरीर आकारों के साथ विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों एवं जलवायु स्थितियों से चयनित बाईस विभिन्न भारतीय बकरी नस्लों से संबंधित 1037 असंबंधित पशुओं से एसडीएस-प्रोटिनेस-K पद्धति का प्रयोग किया गया। बकरी की नस्लों पर 25 माइक्रोसेटेलाइट लॉसाई आधारित डीएनए फिंगरप्रिंटिंग से 51850 ऐलीलिक डाटा जेनरेट किये गये। मॉडल मूल्यांकन मानदंड (जैसे संवदेनशीलता, विनिर्दिष्टता, परिशुद्ध या पोजेटिव प्रिडिक्टिव

भा.कृ.सां.अ.सं. समाचार

खंड 18 संख्या 3 अक्टूबर-दिसम्बर, 2013

वैल्यू (पीपीवी), नेगेटिव प्रिडिक्टिव वैल्यू (एनपीवी), यथार्थता, फॉल्स डिसक्वरी रेट (एफडीआर) तथा मैथ्यू के सहसंबंध सहगुणांक (एमसीसी) सुनिश्चित करने के पश्चात विभिन्न सांख्यिकीय वर्गीकारकों का अनुप्रयोग करते हुए बेहतर निष्पादनीय वर्गीकारक का चयन किया गया तथा सीजीआई-पर्ल स्क्रिप्ट, हाइपर टेक्सट मार्क अप लैंग्वेज (एचटीएमएल), जावा स्क्रिप्ट की सहायता से उसे वेब में क्रियान्वित किया गया और अपाचे का प्रयोग करते हुए लाँच किया गया।

भारत की 22 बकरी प्रजाति समष्टि पर 25 माइक्रोसेटेलाइट लॉसाई के द्वारा जेनरेट किए गए 51850 संदर्भ ऐलील डाटा का प्रयोग करते हुए बेसियन नेटवर्कों को 98.7% की सर्वाधिक सार्थकता के साथ सबसे बेहतर वर्गीकारक के रूप में पाया गया। अध्ययन में F_{ST} मान कम पाए गए जिनकी रेंज 0.051 से 0.297 के बीच थी तथा उनमें 13.8% की समग्र आनुवंशिक विविधता थी, जो उच्च सार्थकता प्राप्त करने के लिए अधिक संख्या में लॉसाई की आवश्यकता का संकेत देता है। कम विविधताशील समष्टि के कारण तथा इस अध्ययन में शामिल की गई काफी ज्यादा नस्लों के कारण उच्च संख्या में लॉसाई की आवश्यकता है। संगणनात्मक सहजता के साथ-साथ यह सर्वर लागत में कमी लाएगा। विभिन्न अन्य घरेलू प्रजातियों के संरक्षण तथा नस्ल सुधार कार्यक्रम के लिए यह पद्धति उपयोगी टूल के रूप में एक मॉडल साबित हो सकती है।

समेकित वृद्धि दर के आकलन तथा इसके वेब-आधारित समाधान के लिए पद्धति : समेकित वृद्धि पर आकलन सामान्यत: यह मानकर किया जाता है कि अनुक्रिया चर के मार्ग को एकदिष्ट गैर-समानयनीय अरैखिक विकास मॉडलों, जैसे मोनोमॉलीक्यूलर, लॉजीस्टिक तथा गोम्पटर्ज़ मॉडलों के द्वारा वर्णित किया जा सकता है। रिचर्ड मॉडल का प्रयोग करते हुए समेकित वृद्धि दर का आकलन किया गया।

वार्षिक वृद्धि की अज्ञात समय परिवर्ती उपनति के आकलन हेतु *टाइम डोमेन स्मूथिंग अप्रोच* के द्वारा अध्ययन किया गया। इसमें तीन प्रणालियों को शामिल किया गया, अर्थात् मूविंग एवरेज, करनेल स्मूथिंग तथा लोकल रैखिक स्मूथिंग। करनेल की इष्टतम बैंडविथ को पुनरावृत्तीय आकलन कार्यविधि विकसित कर प्राप्त किया गया। स्टेट डोमेन स्मूथिंग अप्रोच के द्वारा भी समेकित वृद्धि दर का आकलन किया गया। भारत के कुल खाद्यान्न उत्पादन के आँकड़ों पर विचार किया गया तथा फिटेड वृद्धि दर का प्रयोग करते हुए कुल खाद्यान्न उत्पादन काल-श्रृंखला डाटा के आकलित मान प्राप्त किए गए। स्टेट डोमेन स्मूथिंग के अंतर्गत औसत समेकित वृद्धि दर 2.26% परिकलित की गई, जबकि एमएसई 132.17 मिलियन टन परिकलित किया गया। समेकित वृद्धि दर के आकलन के लिए एक प्रयोक्ता फ्रैण्डली सॉफ्टवेयर (वेबईसीजीआर) विकसित किया गया, जो *http://iasri.res.in/cgr* पर उपलब्ध है। भारत में बीटी कपास के अंगीकरण के लिए वर्ष 2002-03 से 2011-12 के दौरान विकसित वेबईसीजीआर पैकेज का प्रयोग करते हुए रिचर्ड मॉडल के माध्यम से समेकित वृद्धि आकलित की गई थी।

वेबईसीजीआर पैकेज में डाटा की अपलोडिंग

भा.कृ.सां.अ.सं. समाचार
खंड 18 संख्या 3 अक्टूबर-दिसम्बर, 2013



डाटा बिन्दुओं के साथ लैग 1 मॉडल के स्टेट डोमेन स्मूथिंग के फिटेड मान
आकलित समेकित वृद्धि दर : 2.26%, एमएसई: 132.17 एमएई: 8.79

बिहार राज्य के वैशाली जिले में कृषिवानिकी मॉडल का प्रभाव मूल्यांकन

वैशाली जिले में पॉप्लर वृक्ष आधारित कृषिवानिकी के आगमन के प्रभाव का निर्धारण करने हेतु भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् (आईसीएफआरई), देहरादून के वानिकी उत्पादकता संस्थान (आईएफपी) द्वारा प्रायोजित "बिहार में एकीकृत समुदाय आधारित वन प्रबंधन" परियोजना शीर्षक के अंतर्गत जिले में पहले जीवित पॉप्लर वृक्षों की कुल संख्या का आकलन किया गया और उसके बाद जिले में पॉप्लर उत्पादक तथा गैर-पॉप्लर उत्पादक किसानों की प्रति परिवार औसत आय का आकलन किया गया। जिले में तीन भिन्न वर्गों, अर्थात् (i) अंगीकृत गाँवों के पॉप्लर परिवार, (ii) गैर अंगीकृत गाँवों के गैर-पॉप्लर परिवार तथा (iii) गैर अंगीकृत गाँवों के परिवारों से संबंधित किसानों की वर्तमान सामाजिक-आर्थिक स्थिति के संबंध में भी प्रभाव का मूल्यांकन किया गया। जिले में कुल पॉप्लर वृक्षों के आकलन के लिए प्रस्तावित प्रतिचयन अभिकल्पना स्तरित गुच्छ प्रतिचयन थी, जो गुच्छों के रूप में प्रत्येक स्तर के अंतर्गत ब्लॉकों को संस्तर और गाँवों को ट्रीट करती थी। प्रति परिवार औसत आय के आकलन हेतु अपनाई गई प्रतिचयन अभिकल्पना दो चरणीय स्तरीय प्रतिचयन थी, जो ब्लॉकों को संस्तर के रूप में ट्रीट करती थी और प्रत्येक स्तर के अंतर्गत गाँवों को प्रथम चरणीय इकाइयों के रूप में तथा प्रत्येक चयनित गाँव में परिवारों अथवा किसानों को दूसरे चरण की इकाइयों के रूप में ट्रीट करती थी। प्रतिचयन अभिकल्पनाओं के अनुसार कृज़िवानिकी वृष्टक्षों की संख्या और प्रतिवर्ज़ प्रति परिवार औसत आय का जिला स्तरीय आकलन प्राप्त करने के लिए आकलन प्रक्रियाएँ प्रस्तावित की गईं।

प्रतिशत मानक त्रुटि 0.18 तथा 0.15 के साथ जिले में आकलित पॉप्लर तथा कृषिवानिकी वृक्षों की संख्या क्रमशः 18,43,848 और 25,39,007 थी। प्रस्तावित आकलन प्रणाली का प्रयोग करते हुए विभिन्न आय चरों के लिए प्रति परिवार औसत आय, प्रतिवर्ष प्रति परिवार पॉप्लर वृक्षों से प्राप्त औसत प्रत्याशित आय, कृषि एवं पॉप्लर वृक्ष, कृषि एवं पॉप्लर वृक्षों से समानयित आय, प्रति हेक्टेयर पॉप्लर वृक्ष, कृषि तथा प्रति हेक्टेयर पॉप्लर वृक्ष, पॉप्लर वृक्षों के साथ समानयित आय तथा पॉप्लर वृक्षों एवं प्रति हेक्टे. पॉप्लर वृक्षों के साथ कृषि और उनकी मानक त्रुटि के साथ आकलन प्राप्त किए गए। इन आकलनों को अधिकतर मामलों में 10 प्रतिशत से भी कम मानक त्रुटि के साथ प्राप्त किया गया और इसलिए प्राप्त आकलन विश्वसनीय थे।

यह पाया गया कि भिन्न वर्गों अर्थात् (i) अंगीकृत गाँवों के पॉप्लर किसानों, (ii) अंगीकृत गाँवों के गैर-पॉप्लर किसानों तथा (iii) गैर-अंगीकृत गाँवों के किसानों की प्रतिवर्ष प्रति परिवार औसत आय क्रमशः रु. 3,73,379, रु. 1,68,099 और रु. 1,14,279 थी। इससे यह पता चलता है कि अंगीकृत गाँवों के पॉप्लर किसानों की प्रतिवर्ष प्रति परिवार औसत आय अंगीकृत पॉप्लर किसानों और गैर-अंगीकृत गाँवों की तुलना में काफी ज्यादा थी। इससे किसानों की आय पर कृषि वानिकी के प्रभाव का पता चलता है। जिले के 330 पॉप्लर किसानों एवं चयनित अंगीकृत गाँवों के 132 गैर पॉप्लर किसानों तथा गैर-अंगीकृत गाँव के 140 किसानों के प्रतिचयन से सर्वेक्षण के दौरान संग्रहित प्राथमिक डाटा के विश्लेषण के आधार पर जिले में किसानों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति का निर्धारण किया गया।

भा.कृ.सं.अ.सं. समाचार

खंड 18 संख्या 3 अक्टूबर-दिसम्बर, 2013

मानव संसाधन विकास

आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम/कार्यशालाएँ

क्र.सं.	शीर्षक	स्थान	दिनाँक	प्रायोजक की संख्या	प्रतिभागियों
1.	सीएएफटी के अंतर्गत पशु परीक्षणों के लिए सांख्यिकीय पद्धतियों में उन्नतियाँ पाठ्यक्रम निदेशक : डॉ. सुशील कुमार सरकार पाठ्यक्रम सह-निदेशक : डॉ. अनिल कुमार डॉ. कृष्ण लाल	भा.कृ.सां.अ.सं., नई दिल्ली	01-21 अक्टूबर 2013	शिक्षा संभाग भा.कृ.अनु.प.	25
2.	सीएएफटी के अंतर्गत कृषि में प्रौद्योगिकियों के विकास के लिए परीक्षणात्मक अभिकल्पनाओं में उन्नतियाँ पाठ्यक्रम निदेशक : डॉ. एल्दो वरगीस पाठ्यक्रम सह-निदेशक : डॉ. सुकांता दाश डॉ. अर्पण भौमिक	भा.कृ.सां.अ.सं., नई दिल्ली	23 अक्टूबर से 12 नवम्बर 2013	छिाक्षा संभाग, भा.कृ.अनु.प.	25
3.	स्वीडन से डॉ. आईगर कार्डेलस्की एवं डॉ. होल्गर कारक वरिष्ठ फील्ड अनुप्रयोग वैज्ञानिक विशेषज्ञ संकाय के साथ सीएलसी बायो सॉफ्टवेयर का उन्नत प्रयोक्ता प्रशिक्षण प्रशिक्षण सहायक : डॉ. दिनेश कुमार	भा.कृ.सां.अ.सं., नई दिल्ली	29 अक्टूबर से 01 नवम्बर 2013	एन.ए.आई.पी. कंसोर्टियम राष्ट्रीय कृषि जैव सूचना ग्रिड स्थापना	30
4.	कृषि सूचना प्रबंधन के लिए वेब अनुप्रयोग विकास पर शीतकालीन स्कूल पाठ्यक्रम निदेशक : डॉ. अलका अरोड़ा पाठ्यक्रम सह-निदेशक : डॉ. सुदीप मरवाह सुश्री शशि दहिया	भा.कृ.सां.अ.सं., नई दिल्ली	19 नवम्बर से 09 दिसम्बर 2013	शिक्षा संभाग भा.कृ.अनु.प.	20
5.	भाकृसांअसं के कार्यों एवं गतिविधियों पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम (अध्ययन यात्रा)	भा.कृ.सां.अ.सं., नई दिल्ली	06 दिसम्बर 2013	एन.ए.एस.ए.	24
6.	एसएएस का प्रयोग करते हुए आँकड़ा विश्लेषण	आई.आई.एस.एस. भोपाल	09-13 दिसम्बर 2013	एनएआईपी कंसोर्टियम एनएआरएस के लिए सांख्यिकीय संगणना सुदढ़ीकरण	31
	एमआईएस/एफएमएस के अंतर्गत कार्यशालाएँ				
7.	डाटा सुग्राहीकरण कार्यशाला	आईआईएलआर, रांची	30 अक्टूबर 2013		47
8.	प्रयोक्ता प्रशिक्षण कार्यशालाएँ	भा.कृ.अ.सं.,		एन.ए.आई.पी.	
	परियोजना एमआईएस - 15 बैच	नई दिल्ली	01-19 अक्टूबर और		
	क्रय एवं स्टोर		23-24 एवं 28-29 अक्टूबर, 2013		47
	एचआरएमएस एवं स्वयं सेवा एचआर		30-31 अक्टूबर 2013		20
	पे-रोल तथा पेंशन		25-26 अक्टूबर 2013		42
	एमआईएस/एफएमएस की पेंशन कार्यशाला		11-12 नवम्बर 2013		360
9.	प्रयोक्ता प्रशिक्षण कार्यशालाएँ	एनएएआरएम,	एन.ए.आई.पी.		
	एचआरएमएस एवं स्वयं सेवा एचआर	हैदराबाद	11-12 नवम्बर 2013		13
	पे-रोल एवं पेंशन		13-14 नवम्बर 2013		17
	वित्तीय		18-21 नवम्बर 2013		20
	प्रापण एवं स्टोर		22-23 नवम्बर 2013		17
	परियोजना एमआईएस - 3 बैच		25-30 नवम्बर 2013		83

भा.कृ.सां.अ.सं. समाचार
खंड 18 संख्या 3 अक्टूबर-दिसम्बर, 2013

क्र.सं.	शीर्षक	स्थान	दिनाँक	प्रायोजक की संख्या	प्रतिभागियों
10.	प्रयोक्ता प्रशिक्षण कार्यशालाएँ	भा.कृ.सां.अ.सं.,		एन.ए.आई.पी.	
	वित्तीय	नई दिल्ली	06-09 नवम्बर एवं 11-14 नवम्बर 2013		41
	एचआरएम एवं स्वयं सेवा एचआर		07-08 नवम्बर एवं 22-23 नवम्बर 2013		26
	पे-रोल एवं पेंशन		18-19 नवम्बर 2013		19
	परियोजना एमआईएस - 8 बैच		18-19 नवम्बर, 25-30 नवम्बर एवं 02-12 दिसम्बर 2013		145
	क्रय एवं भंडार		20-21 नवम्बर 2013		14
11.	प्रयोक्ता प्रशिक्षण कार्यशालाएँ	सी.आई.एफ.ई.,		एन.ए.आई.पी.	
	एचआरएम एवं स्वयं सेवा एचआर	मुम्बई	29-30 नवम्बर 2013		27
	वित्तीय		25-28 नवम्बर 2013		40
	पे-रोल एवं पेंशन		02-03 दिसम्बर 2013		31
	क्रय एवं भंडार		04-05 दिसम्बर 2013		28
	परियोजना एमआईएस - 3 बैच		06-12 दिसम्बर 2013		75

पुरस्कार एवं सम्मान

संस्थान के वैज्ञानिकों ने निम्न पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त किए:

- दिनांक 18-20 दिसम्बर, 2013 के दौरान फार्म इंजीनियरिंग विभाग, कृषि विज्ञान संस्थान, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी - 221005 (उ. प्र.) में भारतीय कृषि सांख्यिकी संस्था का 67वाँ वार्षिक सम्मेलन
  - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, अध्यक्ष, परीक्षण अभिकल्पना प्रभाग, भाकृसांअसं, नई दिल्ली को आईएसएएस फैलो की उपाधि प्रदान की गई।

  - डॉ. विशाल गुरुंग, वैज्ञानिक, भाकृसांअसं, नई दिल्ली ने निम्नलिखित लेख के लिए डॉ. जी. आर. सेठ स्मृति युवा वैज्ञानिक पुरस्कार (2013) प्राप्त किया :
    गुरुंग विशाल, पॉल, रंजीत कुमार एवं घोष, हिमाद्री। पार्टिकल स्वार्म इज़्टतमीकरण का प्रयोग करते हुए स्मूथ ट्रांजिष्ठान स्वसमाश्रयी अरैखिक काल-श्रष्टंखला मॉडल की फिटिंग।

भा.कृ.सां.अ.सं. समाचार

खंड 18 संख्या 3 अक्टूबर-दिसम्बर, 2013

विदेश यात्रा

- डॉ. प्राची मिश्रा साहू ने दिनांक 15 सितम्बर से 10 अक्टूबर 2013 के दौरान कृषि एवं मात्स्यिकी मंत्रालय, ओमान को परामर्श देने हेतु ओमान की यात्रा की।
- डॉ. यू. सी. सूद ने दिनांक 23 से 25 अक्टूबर 2013 के दौरान आयोजित "कृषि सांख्यिकी (आईसीएएस-VI) पर छठे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में आकाशीय लघु क्षेत्र मॉडल के अंतर्गत जिला स्तरीय फसल उपज आकलन" शीर्षक लेख के प्रस्तुतीकरण हेतु रियो-डे-जेनिरो, ब्राजील की यात्रा की।
- डॉ. एम. ए. इकबाल एवं डॉ. सारिका ने दिनांक 15 सितम्बर से 15 दिसम्बर 2013 के दौरान आयोवा राज्य विश्वविद्यालय, एम्स, आयोवा, यूएसए में तीन महीनों के लिए "जैवसूचना विज्ञान" में एनएआईपी द्वारा वित्तपोषित अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण लेने हेतु यूएसए की यात्रा की।
- डॉ. संजीव पवार ने दिनांक 06 से 09 नवम्बर, 2013 के दौरान "फसल सुधार अनुसंधान में जैवमिति एवं जैवसूचना विज्ञान के अनुप्रयोग" पर प्रशिक्षण में जीनप्ररुपण × पर्यावरणीय विश्लेषण पर सत्र लेने हेतु एक संसाधन व्यक्ति के रूप में नैरोबी, किनिया की यात्रा की।

आरंभ की गई नई परियोजनाएँ

- फसल उपज, सामाजिक-आर्थिक एवं खाद्य असुरक्षा प्राचलों के लघु क्षेत्र आकलन के लिए नवोन्मेजी अवधारणाओं का विकास। (भाकृअनुप लाल बहादुर ष्टास्त्री युवा वैज्ञानिक पुरस्कार-2012 के अंतर्गत)।

गतिविधियों का परिदृश्य

सम्मेलन का आयोजन

- दिनांक 27-28 नवम्बर, 2013 के दौरान एनडीआरआई, करनाल में एनडीआरआई के साथ संयुक्त रूप से कृषि अनुसंधान सांख्यिकीविदों के 17वें राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। भाकृसांअसं, नई दिल्ली से डॉ. सीमा जग्गी तथा एनडीआरआई, करनाल से डॉ. रविन्द्र मल्होत्रा सम्मेलन के आयोजक सचिव थे। टीएएएस के अध्यक्ष एवं भाकृअनुप के पूर्व महानिदेशक पदमश्री प्रोफेसर श्री आर. एस. परौदा ने उद्घाटन संबोधन दिया। एनडीआरआई, करनाल के निदेशक एवं कुलपति, डॉ. ए.के. श्रीवास्तव ने उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता की। भाकृअनुप के राष्ट्रीय प्रोफेसर डॉ. वी.के. गुप्ता ने आरंभिक टिप्पणियाँ दीं। देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार के कुलपति, डॉ. एस. डी. शर्मा ने सम्मेलन के बारे में टिप्पणियाँ दीं। संस्थान के निदेशक डॉ. यू. सी. सूद ने "लघु क्षेत्र आकलन - भारत में कुछ अनुप्रयोग" पर एक प्रमुख (keynote) संबोधन दिया। संस्थान के पूर्व संयुक्त निदेशक डॉ. ए. के. श्रीवास्तव ने भी "कृषि सांख्यिकीविदों की भूमिका एवं चुनौतियाँ - एक परिप्रेक्ष्य" शीर्षक पर एक विशेष व्याख्यान दिया। सम्मेलन के दौरान निम्नलिखित छः तकनीकी सत्रों एवं एक आरंभिक सत्र का भी आयोजन किया गया।

भा.कृ.सां.अ.सं. समाचार
खंड 18 संख्या 3 अक्टूबर-दिसम्बर, 2013

तकनीकी सत्र I

कृषि अनुसंधान सांख्यिकीविदों के 16वें राष्ट्रीय सम्मेलन की सिफारिशों पर की गई कार्रवाई

अध्यक्ष : डॉ. यू.सी. सूद, निदेशक, भाकृसांअसं

प्रस्तुतकर्ता : डॉ. सीमा जग्गी

संपर्क : डॉ. प्रवीन आर्य

तकनीकी सत्र II

कृषि सांख्यिकी में अनुसंधान के लिए प्राथमिकताएँ : वर्तमान स्थिति एवं भावी चुनौतियाँ

अध्यक्ष : डॉ. वी. के. गुप्ता, भाकृअनुप राज्ट्रीय प्राध्यापक

संयोजक : डॉ. राजेन्द्र प्रसाद/ डॉ. अजीत

संपर्क : डॉ. हिमाद्री घोष/ डॉ. रंजीत कुमार पॉल

तकनीकी सत्र III

कृषि सांख्यिकी एवं सूचना-विज्ञान में मानव संसाधन विकास के लिए प्राथमिकताएँ

अध्यक्ष : डॉ. एस.डी. शर्मा, कुलपति, डीएसवी हरिद्वार

सह-अध्यक्ष : डॉ. जी. आर पाटिल, संयुक्त निदेशक (शिक्षण) एनडीआरआई

संयोजक : डॉ. पी.के मल्होत्रा/ डॉ. सीमा जग्गी

संपर्क : डॉ. एल्दो वरगीस

तकनीकी सत्र IV

सूचना विज्ञान में अनुसंधान के लिए प्राथमिकताएँ : वर्तमान स्थिति एवं भावी चुनौतियाँ

अध्यक्ष : डॉ. आर. सी अग्रवाल, महापंजीयक, पादप किस्म संरक्षण एवं किसान अधिकार प्राधिकरण नई दिल्ली

संयोजक : डॉ. अनिल राय/ डॉ. ए.के. शर्मा

संपर्क : श्रीमती शशि दहिया/ श्री संजीव कुमार

तकनीकी सत्र V

कृषि विज्ञान के साथ सांख्यिकी और सूचना विज्ञान इंटरफेस

अध्यक्ष : डॉ. अर्जवा शर्मा, निदेशक, एनबीएजीआर करनाल

प्रस्तुतकर्ता : डॉ. के.के त्यागी/ डॉ. रविन्द्र मल्होत्रा

संपर्क : डॉ. मेद राम वर्मा/ डॉ. अनिल कुमार

तकनीकी सत्र VI

कृषि अभियांत्रिकी के साथ सांख्यिकी और सूचना विज्ञान इंटरफेस

अध्यक्ष : डॉ. पीतम चन्द्र, निदेशक, सीआईएई भोपाल

प्रस्तुतकर्ता : डॉ. के.के त्यागी/ श्री एस.डी. वाही

संपर्क : डॉ. सुशील कुमर सरकार/ डॉ. कौस्तव आदित्या

आरंभिक सत्र

संयोजकों द्वारा रिपोर्टों का प्रस्तुतीकरण और सिफारिशों का संक्षिप्त विवरण

मुख्य अतिथि : डॉ. ए.के. श्रीवास्तव निदेशक एनडीआरआई

अध्यक्ष : डॉ. यू. सी. सूद, निदेशक भाकृसांअनुसं

संयोजक : डॉ. सीमा जग्गी/ डॉ. रविन्द्र मल्होत्रा

संपर्क : डॉ. ए.के. गुप्ता

भा.कृ.सं.अ.सं. समाचार

खंड 18 संख्या 3 अक्टूबर-दिसम्बर, 2013

बैठक का आयोजन

- दिनांक 09 दिसम्बर 2013 को भाकृसांअसं के निदेशक डॉ. यू.सी. सूद की अध्यक्षता में संस्थान संयुक्त कर्मचारी परिषद् की बैठक आयोजित की गई।

प्रस्तुत सेमिनार

कृषि सांख्यिकी, संगणक अनुप्रयोग और जैवसूचना विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में सेमिनार प्रस्तुत किए गए। इन सेमिनारों में संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा पूर्ण की गयीं अनुसंधान परियोजनाओं के मुख्य निश्कर्ष, एम. एससी. एवं पीएच. डी. (कृषि सांख्यिकी), एम. एससी. (संगणक अनुप्रयोग) एवं एम. एसी. (जैव-सूचना विज्ञान) तथा अतिथि सेमिनार सम्मिलित हैं।

प्रस्तुत किए गए सेमिनारों का विवरण

श्रेणी	सेमिनार का विवरण	संख्या
वैज्ञानिक	पूर्ण की गई परियोजनाएँ	02
	नए प्रस्ताव	01
विदेश में प्रशिक्षण		02
छात्र	पाठ्यक्रम	09
	आउटलाइन अनुसंधान कार्य (ओ.आर.डब्ल्यू)	13
	शोध	07
कुल		**34**

प्रकाशन

अनुसंधानिक शोध पत्र

- भौमिक, अर्पण, जग्गी, सीमा, वरगीस, सिनी एवं वरगीस, एल्दो (2013)। सार्वभौमिक इज़्टतम द्वितीय घात प्रतिवेष्ठी अभिकल्पनाएँ। *मॉडल असिस्टेड स्टैटिस्टिक्स एवं एप्लीकेशन*, **8**, 309-314.
- विश्वास, श्रीकुमार, मरवाह, सुदीप, मल्होत्रा, पी के, वाही, एस डी, धर, डी डब्ल्यू एवं सिंह, रिचा (2013)। माइक्रोबायल ऑन्टोलॉजी बिल्डिंग एवं क्वेरिंग। *प्रोसिडिया टेक्नोलॉजी,जे. एलसेवियर*, **10**, 13-19.
- चौहान, जे एस, सिंह, के एच एवं मिश्रा, डी सी (2013)। तेल एवं तिलहन खाद्य गुणवत्ता गुणों के लिए भारतीय सरसों (*ब्रासिका जुनेसिया*एल.) के स्थिर जीनप्ररुपों की पहचान करने हेतु एएमएमआई एवं बाय-प्लॉट विश्लेषण। *सबरावजे. ब्रीडिंग एवंजेनेटिक्स*, **45(2)**, 195-202.
- दहिया, शशि, चतुर्वेदी, के के, जग्गी, सीमा, भारद्वाज, अंशु एवं वरगीस, सिनी (2012)। कृज़ि में डिजिटल शिक्षा की पहल। *जे. फार्मिंगसिस्टम रिस. डेव.*, **18(2)**, 175-179.
- घरडे, योगिता, राय, अनिल एवं जग्गी, सीमा (2013)। आकाशीय लघु क्षेत्र मॉडलों में बेसियन पूर्वानुमान। *जे इंड. सोस. एग्रिल. स्टैटिस्ट.*, **67(3)**, 355-362.
- इकबाल, एम ए, घोष, एच एवं प्रज्ञेषु (2013)। आनुवंशिक एल्गोरिथ्म के द्वारा भारतीय लाख उत्पादन के लिए सिटार तीन-चरणीय अरैखिक काल श्रृंखला मॉडल की फिटिंग। *इन्ड. जे. एग्रिल. साइंस*, **83(12)**, 130-132.
- इकबाल, एम ए, सारिका, धन्दा, एस के, अरोड़ा, वी, दीक्षित, एस पी, राघव, जी पी एस, राय, ए एवं कुमार, डी (2013)। माइक्रोसेटेलाइट डीएनए मार्कर का प्रयोग करते हुए नस्ल की पहचान करने हेतु एक मॉडल वेबसर्वर का विकास। *बीएमसीआनुवंशिकी*, (http://www.biomedcentral.com/1471-2156/14/118abstract).
- इकबाल, एम ए, सारिका, अरोड़ा, वासू, वर्मा, निधि, राय, अनिल एवं कुमार, दिनेश (2013)। मैपिंग एवं किस्म की पहचान करने हेतु टमाटर का प्रथम पूर्ण जिनोम आधारित माइक्रोसेटेलाइट डीएनए मार्कर डाटाबेस। *बीएमसी प्लांटबायोलॉजी*, (http://www.biomedcentral.com/1471-2229/13/197abstract).
- इस्लाम, एस एन, धर, शिवा एवं शर्मा, कीर्ति (2013)। विशेषज्ञ तंत्र का प्रयोग करते हुए गेहूँ की खेती के लिए उपयुक्त पारंपरिक कृषि-क्रियाएँ। *एनल्सऑफ एग्रिल. रेव.*, **34(4)**, 380-389.
- जम्भुलकर, नीतिप्रसाद एन. एवं लाल, कृष्ण (2013)। दो-स्तीय अनियमित न्यूनतम विपथन गुणांक बहुउपादानी प्लॉनों का निर्माण। *मॉडलअसिस्टेड स्टेटिस्ट. एप्लीकेशन*, **8**, 301-307.
- कौर, चरणजीत, नागल, श्वेता, निशाद, ज्योति, कुमार, रविन्द्र एवं सारिका (2013)। बायोएक्टिव गुणधर्मों के लिए ऐग-प्लांट (*सोलेनुम मेलोनगेनाएल*) जीनप्ररुपों का मूल्यांकन: एक केमोमैट्रिक अप्रोच। *फूड रिस. इन्टरनेशनल*(http://authors.elsevier.com/sd/ articles/S096399691300536X).

- मलिक, जितेन्द्र कुमार, सिंह, रविन्द्र, थेनुआ, ओवीएस एवं कुमार, अनिल (2013)। फास्फोरस एवं जैव उर्वरकों के प्रति अरहर (*केजेनसकैजन*) + मूँगबीन (*फेसियोलसरेडियाट्स*) अंतरफसलीकरण प्रणाली की अनुक्रिया। *लैग्यूमरिस.*, **36(4)**, 326-330.
- पॉल, अमृत कुमार, पॉल, रंजीत कुमार एवं आलम, वसी (2013)। वंशागतित्व के आकलन पर गैर-सामान्यीकरण एवं असुग्राह्य आकलनों का प्रभाव। *इंड.जे.एनिम.साइं.*, **83(12)**, 1355-1357.
- प्रियमेधा, सिंह, वी वी, चौहान, जे एस, मीना, एम एल एवं मिश्रा, डी सी (2013)। भारत के सरसों (*ब्रासिकाजुनेसिया*एल.) के पूर्ववर्ती आनुवंशिक वंशावलियों में उपज एवं उपज घटकों के लिए सहसंबंध तथा मार्ग सहगुणांक विश्लेषण। *करंट एडवांसिस इन एग्रिल. साइं.*, **5(1)**, 37-40.
- सारिका, जग्गी, सीमा एवं शर्मा, वी के (2013)। प्रतिवेशी प्रभावों से समावेशित प्रथम घात चक्रणीय अभिकल्पनाएँ। *एआरएस कमबिनेटोरिया*, **112**, 145-159.
- सरकार, कलोल, वरगीस, सिनी, जग्गी, सीमा एवं वरगीस, एल्दो (2013)। संतुलित ट्रीटमेंट-कंट्रोल पंक्ति-स्तंभ अभिकल्पनाएँ। *इंटल. जे. थिओ. एंड एप्लाइड साइं.*, **5(2)**, 60-64.
- साची, गहोई, आर्य, एल, राय, अनिल एवं मरला, एस एस (2013)। डीपी प्राइमर - एक डिजेनरेट पीसीआर प्राइमर डिजाइन टूल। *बॉयोइंफोरमेशन*, **9(18)**, 937-940.
- शर्मा, अनु, लाल, एस बी, मिश्रा, डी सी, श्रीवास्तव, सुधीर एवं राय, अनिल (2013)। पर्यायनामी कोडोन यूसेज सूचकाँकों के लिए एक वेब आधारित सॉफ्टवेयर। *इंट. जे. इंफो. एंड कम्प्यूटेशन टेकनोलॉजी*, **3(3)**, 147-152.
- शर्मा, अनु, वरगीस, सिनी एवं जग्गी, सीमा (2013)। डब्ल्यूएस-पीबीआईबीडी - आंशिक संतुलित अपूर्ण ब्लॉक परीक्षणात्मक अभिकल्पनाओं के लिए एक वेब समाधान। *कंप्यूटर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इन एग्रिल.*, **99**, 132-134.
- सिंह, रविन्द्रन, कटियार, विजय कुमार एवं इस्लाम, शाहनवाजुल (2013)। विशेषज्ञ तंत्र के माध्यम से जौ की किस्म का चयन। *इंटल. जे. इंजी. एंड इनोवेटिव टेकनोलॉजी*(ऑनलाइन), **3(4)**, 437-441.
- सूद, यू सी, चन्द्र, एच एवं गुप्ता, वी के (2014)। अंशाकन पद्धति आधारित उत्पाद प्राग्वक्ता। *जे. स्टैटिस्ट. थियोएवंप्रेक्ट.*, **8**, 1-14.

तकनीकी समाचार (बुलेटिन)

- घोष, हिमाद्री एवं प्रज्ञेषु (2012)। फज़्ज़ी रैखिक समाश्रयण मॉडल एवं उनके अनुप्रयोग।
- घोष, हिमाद्री एवं प्रज्ञेषु (2012)। अरैखिक सांख्यिकीय मॉडल और उनके अनुप्रयोग।

परियोजना रिपोर्ट

- वरगीस, एल्दो एवं वरगीस, सिनी (2013)। द्वि-पक्षीय ब्लॉकिंग सेट-अप के अंतर्गत मेटिंग-पर्यावरणीय अभिकल्पनाएँ। *भा.कृ.सां.अ.सं./पीआर-16/2013.भाकृसाअसं.प्रकाशन*।

लोकप्रिय लेख

- लाल, एस. बी., शर्मा, अनु, चतुर्वेदी, के. के. एवं राय, अनिल (2013)। व्यापक जैव विज्ञान डाटा के लिए सुपर कम्प्यूटिंग प्लेटफार्म की स्थापना। नई उम्मीद, अक्टूबर, 2013, 18 ।

संदर्भ मैनुअल

- वरगीस, एल्दो, दाश, सुकांता एवं भौमिक, अर्पण। कृषि में प्रौद्योगिकियों के विकास के लिए परीक्षणात्मक अभिकल्पनाओं में उन्नतियाँ (2013)।

ई-मैनुअल

- वरगीस, एल्दो, दाश, सुकांता एवं भौमिक, अर्पण। कृषि में प्रौद्योगिकियों के विकास के लिए परीक्षणात्मक अभिकल्पनाओं में उन्नतियाँ (2013)।

प्रस्तुत आमंत्रित व्याख्यान

- दिनांक 01 अगस्त, 2013 से 31 जनवरी 2014 के दौरान भाकृअसं, नई दिल्ली में अफ़गानिस्तान के पाँच शिक्षकों के लिए आयोजित "बागवानी में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के शिक्षण" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम
  - प्रसाद, राजेन्द्र - एसएएस : एक परिदृश्य (दो व्याख्यान)

- दिनांक 17 सितम्बर से 07 अक्टूबर, 2013 के दौरान सीएएफटी योजना के तत्वावधान के अंतर्गत आयोजित विस्तार अनुसंधान में कार्यप्रणालियों के प्रतिमान एवं टूल्स में उन्नतियों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम
  - चन्द्र, हुकुम - आर सॉफ्टवेयर - एक परिदृश्य (दो व्याख्यान)
  - पॉल, रंजीत कुमार - रैखिक काल श्रृंखला विश्लेषण
- दिनांक 03 अक्टूबर, 2013 को अम्बाला अभियांत्रिकी एवं अनुप्रयुक्त कॉलेज, अम्बाला में जैवप्रौद्योगिकी एवं जैवसूचना विज्ञान पर स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम
  - कुमार, दिनेश - जननद्रव्य पहचान एवं सुधार में जैवसूचना विज्ञान का अनुप्रयोग
- दिनांक 04 अक्टूबर, 2013 को बागवानी प्रभाग, भाकृअसं, नई दिल्ली में बागवानी में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के शिक्षण पर अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम
  - पॉल, अमृत कुमार - एसपीएआर, एमएस एक्सेल एवं एसएएस मैक्रो (तीन व्याख्यान)
- दिनांक 17-18 अक्टूबर, 2013 के दौरान एनकैप, नई दिल्ली में आयोजित बाजार आसूचना पर प्रशिक्षण कार्यक्रम
  - पॉल, आर के - आर्च एवं गार्च मॉडल एवं एरिमा मॉडल (दो व्याख्यान)
